FOREST STEWARDSHIP COUNCIL

# वन स्टुवर्डशिप परिषद

The FSC Forest Stewardship Standard for India

# भारत के लिए FSC

## वन स्टुवर्डशिप मानक

वन स्टुवर्डशिप परिषद (FSC) विश्व का सबसे मान्यता प्राप्त अच्छी तरह से प्रबंधित वन प्रबंधन मानक है। FSC को विश्व भर में स्थायी वन प्रबंधन के लिए स्वर्ण मानक स्थापित करने का 28 से अधिक वर्षों का अनुभव है। एफएससी की अनूठी लोकतांत्रिक मानक-निर्धारण प्रक्रिया संरक्षणवादियों, समुदायों और व्यवसायों को आज और भविष्य में वनों को प्रभावित करने वाले मुद्दों पर संयुक्त रूप से निर्णय लेने में सक्षम बनाती है। यह सर्वोत्तम समाधान खोजने में समावेशिता सुनिश्चित करता हैं। हमारे वैश्विक मानक, बेजोड़ हितधारक जुड़ाव और उद्योगों और गैर सरकारी संगठनों के समर्थन के माध्यम से, हम जिम्मेदार वन प्रबंधन के लिए विश्व के सबसे विश्वसनीय मानक-स्थापना समाधानों में से एक प्रदान करते हैं, जो आज और भविष्य की पीढ़ियों के लिए बाजारों, समुदायों और वनों के लिए बेहतर परिणाम सुरक्षित करने के लिए विश्वसनीय है। भारत के लिए FSC वन स्टुवर्डशिप मानक (FSS) देश के अनुसार विशिष्ट मानकों को स्थापित करने की आवश्यकता को संबोधित करता है।

FORESTS FOR ALL FOREVER



# FSC प्रमाणन क्या है?

## हमारा दृष्टिकोण


भविष्य की पीढ़ियों के साथ समझौता किए बिना वर्तमान पीढ़ी के अधिकारों और जरूरतों को पूरा करना।

## हमारा विशेष कार्य

FSC विश्व के वनों के, पर्यावरणीय रूप से उपयुक्त, सामाजिक रूप से लाभकारी और आर्थिक रूप से व्यवहार्य प्रबंधन को बढ़ावा देगा।

हर दिन, हम पौधों और जानवरों की प्रजातियों की रक्षा कर, स्वदेशी लोगों के अधिकारों को सुनिश्चित कर, वन श्रमिकों की सुरक्षा की आवश्यकता, और बहुत कुछ कर, अपने वनों और उन पर निर्भर रहने वालों की देखभाल करने की दिशा में काम करते हैं। हम इसे FSC प्रमाणन के माध्यम से प्राप्त करते हैं, यह सुनिश्चित करने के लिए कि विश्व भर के वनों को जिम्मेदारी से प्रबंधित किया जाता है - प्रमाणन एक स्वैच्छिक, बाजार-आधारित उपकरण है, जिसे आपूर्ति श्रृंखला के माध्यम से वन मूल से सत्यापित किया गया है।

FSC, दो मुख्य प्रकार के प्रमाणन प्रदान करता है: वन प्रबंधन और अभिरक्षा की श्रृंखला



## संख्या में FSC

**28+** वर्षों का अस्तित्व

**219+** मिलियन प्रमाणित हेक्टेयर

**51,000+** अभिरक्षा श्रृंखला के प्रमाणपत्र

**1,476** वन प्रबंधन प्रमाण पत्र (अभिरक्षा श्रृंखला सहित)

**1,476** प्रचार परवाना धारक

**1,165** अंतर्राष्ट्रीय सदस्य **89** देशों में

**30** FM प्रमाणपत्र धारक वाले सत्यापित पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं के प्रभाव सहित

* 31 मई 2022 के दिन

# FSC सिद्धांत और मानदंड

FSC प्रमाणन प्राप्त करने के लिए, संगठन ने FSC के मानकों को पूरा करना होगा, जो दस, मूल सिद्धांतों पर आधारित हैं, जिसमें पर्यावरणीय प्रभाव से लेकर सामुदायिक संबंधों और श्रमिकों के अधिकारों से लेकर निगरानी और मूल्यांकन प्रक्रियाओं तक के मुद्दे सम्मिलित हैं।

1. **कानूनों का अनुपालन**
2. **श्रमिकों के अधिकार और रोजगार स्थितियाँ**
3. **स्वदेशी लोगों के अधिकार**
4. **सामुदायिक संबंध**
5. **वन से लाभ**
6. **पर्यावरणीय मूल्य और प्रभाव**
7. **प्रबंधन योजना**
8. **निगरानी और मूल्यांकन**
9. **उच्च संरक्षण मूल्य**
10. **प्रबंधन गतिविधियों का कार्यान्वयन।**

एक स्वतंत्र संगठन FSC मानकों को पूरा करता है इसकी सुनिश्चिती करने के लिए वन या आपूर्ति श्रृंखला का लेखापरीक्षण करता है।

वन स्टुवर्डशिप के लिए, सभी FSC -प्रमाणित वन प्रबंधन FSC सिद्धांतों और वन प्रबंधन के मानदंड पर आधारित है। FSC सिद्धांत पर्यावरण के अनुकूल, सामाजिक रूप से लाभकारी और आर्थिक रूप से व्यवहार्य वन प्रबंधन के आवश्यक नियम या तत्व हैं। संकेतक यह निर्धारित करने का साधन प्रदान करता है कि कोई सिद्धांत या मानदंड पूरा हुआ है या नहीं। सिद्धांत और मानदंड विश्व भर में सभी प्रकार के वनों पर लागू होते हैं।

# FSC वन स्टुवर्डशिप मानक

FSC वन स्टुवर्डशिप मानक (FSS) यह निर्धारित करता है कि किसी विशेष देश में जिम्मेदार वन प्रबंधन कैसे किया जाता है। उस उद्देश्य को पूरा करने के लिए, हमारे मानकों को स्थानीय प्रासंगिकता और प्रभाव के विरुद्ध वैश्विक स्थिरता को संतुलित करना चाहिए।

हम अंतरराष्ट्रीय सिद्धांतों और मानदंडों का एक समान ढांचा बनाकर इसके लिए प्रयास करते हैं, जबकि देश के विशिष्ट संकेतकों को यह आकलन करने की अनुमति देते हैं कि कोई मानदंड पूरा हुआ है या नहीं।

FSC ने मानक विकास समूह (SDG) के लिए विस्तृत निर्देशों के साथ अंतर्राष्ट्रीय सामान्य संकेतक (IGI) का एक सेट विकसित किया है। ये राष्ट्रीय संकेतकों के विकास के लिए एक सुसंगत प्रारंभिक बिंदु प्रदान करते हैं। IGIs जैसा कि वे लिखे गए हैं, उनका उपयोग SDG कर सकते हैं, लेकिन जब तक कि वे मानदंडों के तत्वों को पूरी तरह से संबोधित करते हैं, वे - पर्याप्त औचित्य के साथ - उन्हें बदल सकते हैं, उनमें जोड़ सकते हैं या उन्हें नजरअंदाज भी कर सकते हैं, ।





## भारत के लिए FSS: प्रक्रिया

**दिसंबर 2016**
मानक विकसन गुट
(SDG) FSCI द्वारा स्थापित

**2017**
75 दिनों में आयोजित सार्वजनिक परामर्श / दिल्ली और हैदराबाद में आयोजित हितधारकों की कार्यशाला

**फरवरी 2018**
भारत FSS
मसौदा 2.0 तैयार

**दिसंबर 2018**
आसाम में नागांव वन प्रभाग और बीटीसी वन प्रभाग में फील्ड परीक्षण

2016 2017 2018 2019

**अगस्त 2017**
भारत एफएसएस ड्राफ्ट
1.0 तैयार

**2017**
दांदेली में SDG द्वारा छोटे जोत वाले प्रमाणित किसानों का फील्ड दौरा

**नवंबर 2018**
ओडिशा में संभलपुर वन प्रभाग में फील्ड परीक्षण

**मार्च 2019**
भारत एफएसएस ड्राफ्ट
3.0 तैयार

**अप्रैल & मई 2019**
सार्वजनिक परामर्श 45 दिनों के लिए आयोजित किया गया

**सितम्बर 2021**
PSU की टिप्पणियों पर SDG द्वारा विचार किया गया और भारत FSS ड्राफ्ट 5.0 भेजा गया

**दिसम्बर 2021**
FSC की नीति और मानक समिति (PSC) द्वारा भारत FSS को सशर्त अनुमोदन प्रदान किया गया

**अप्रैल 2022**
भारत एफएसएस औपचारिक रूप से एफएससी द्वारा अनुमोदित

2019 2020 2021 2022

**फ़रवरी 2020**
भारत FSS ड्राफ्ट 4.0 तैयार कर PSU को भेजा गया

**नवम्बर 2021**
PSU की आगे की टिप्पणियों पर SDG द्वारा विचार किया गया और भारत FSS ड्राफ्ट 6.0 भेजा गया

**जनवरी 2022**
शर्तों का अनुपालन PSU को दो पुनरावृत्तियों में भेजा गया

**सितम्बर 2022**
भारत FSS प्रभावी हो गया

## मानक का दायरा

| | |
|---|---|
| वन प्रकार | सभी वन प्रकार (प्राकृतिक वन और बागानों सहित) |
| स्वामित्व प्रकार | सार्वजनिक, निजी और अन्य सहित सभी प्रकार के स्वामित्व |
| पैमाने और तीव्रता श्रेणियां | छोटे और कम तीव्रता वाले प्रबंधित वनों (SLIMF) सहित प्रबंधन इकाइयों की सभी श्रेणियां |
| वन उत्पाद | खुरदरी लकड़ी **NTFP:** फल (खाद्य या अखाद्य) रस या ग्रंथि स्राव: गोंद, राल, तेल, रबर/लेटेक्स; औषधीय पौधे पत्ते, बीज, छाल, सूखा मेवा, जड़ें, घास, फर्न, लाइकेन, फूल, मशरूम स्टेम पौधे: बांस, रतन |





# भारत के लिए FSS: मुख्य विशेषताएं

- भारतीय वनों और बागानों की स्थिरता और जिम्मेदार प्रबंधन के लिए विशिष्ट मानक।
- पर्यावरण, सामाजिक और आर्थिक विशेषज्ञों के एक समूह द्वारा 5 वर्ष से अधिक की अवधि में, तैयार किया गया कक्ष।
- दो चरणों में व्यापक जन परामर्श और वन क्षेत्रों में फिल्ड परीक्षण किया गया।
- 10 सिद्धांतों, 70 मानदंड और 277 भारत विशिष्ट संकेतकों से मिलकर बनता है। FSC के अंतरराष्ट्रीय सामान्य संकेतकों (IGIs) में से 158 संकेतकों को अपनाया गया है, 63 संकेतक अनुकूलित किए गए हैं, 5 संकेतक नजरअंदाज किए गए हैं और 56 नए संकेतक शामिल हैं।
- प्रमाणन लेखापरीक्षा के मानकीकरण के लिए, जहां कहीं आवश्यक हो, सत्यापनकर्ता प्रदान किए गए हैं।
- 100 हेक्टेयर से कम क्षेत्रफल वाले छोटे और निम्न तीव्रता वाले प्रबंधित वन (SLIMF) के लिए संकेतकों की अलग श्रेणी प्रदान की गई है।

### भविष्य की योजना

राज्य वन विभागों, वन विकास निगमों, निजी वन मालिकों, वृक्ष उत्पादकों, लकड़ी आधारित उद्योगों, उद्योग संगठनों, प्रमाणन निकायों, पर्यावरण गैर सरकारी संगठनों, स्वैच्छिक एजेंसियों और अंतरराष्ट्रीय सदस्यों के साथ FSC की व्यापक भागीदारी।

# FSC वन प्रबंधन प्रमाणन (Forest Management Certification) कैसे प्राप्त करें?

**किसी संगठन के लिए FSC प्रमाणित होने के लिए, पाँच चरण हैं:**

- सबसे पहले, FSC लेखापरीक्षण नहीं करता है और प्रमाणपत्र जारी नहीं करता है, आपको अपने देश या क्षेत्र में किसी मान्यता प्राप्त प्रमाणन निकाय या CB से संपर्क करना होगा। CB की एक सूची है जो www.asi.org पर आसानी से उपलब्ध है। वह आपको बताएंगे कि आपको किन आवश्यकताओं को पूरा करना है। भारत FSS, FSC वेबसाइट www.fsc.org पर उपलब्ध है
- दूसरा, वह CB चुनें जिसके साथ आप काम करना चाहते हैं और उनके साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर करें।
- तीसरा, यह सुनिश्चित करने के लिए CB के साथ काम करें कि आपके पास FSC प्रमाणन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए प्रबंधन प्रणाली और प्रक्रियाएं हैं।
- चौथा, जब आप तैयार हों, तो आपका CB यह देखने के लिए एक लेखापरीक्षण करेगा कि क्या आप FSC की आवश्यकताओं को पूरा करते हैं।
- अंत में, यदि सब कुछ ठीक है, तो CB, FSC वन प्रबंधन प्रमाणपत्र और परवाना कोड प्रदान करेगा।

## हमसे संपर्क करें


www.fsc.org

www.asiapacific.fsc.org

FSC भारत देश निदेशक
s.gairola@fsc.org


FORESTS FOR ALL FOREVER™
FSC